ईको-फ्रेन्डली गार्डनिंग के लिए 10 टिप्स

मानसून आने वाला है, और बागवानी (गार्डनिंग) की तुलना में बेहतर गतिविधि क्या हो सकती है? जबकि बागवानी अपने आप में पर्यावरण अनुकूल (ईको-फ्रेन्डली) गतिविधि है, यहाँ इसे और भी अधिक ईको-फ्रेन्डली बनाने के लिए कुछ टिप्स दिए गए हैं:

1. **प्लास्टिक के गमले? बिल्कुल नहीं** - प्लास्टिक के गमलों से बचें और बायोडिग्रेडेबल गमले अपनाएं या घर पर पड़े कंटेनरों को रीयूज़ करें।

2. **रीसाइकल, रीयूज़** - आप अपने पुराने सिरेमिक के मग, बर्तनों और पैन का उपयोग भी छोटे पेड़-पौधों को उगाने के लिए कर सकते हैं।

3. **खाद बनाना (कंपोस्टिंग)** - कंपोस्ट बिन रखें और अपने गीले कचरे से खाद बनाएँ। अपने पौधों को आवश्यक पोषक तत्व दें जो आपकी जेब और पर्यावरण दोनों के अनुकूल है।

4. **सहरोपण (कंपेनियन प्लांटिंग)** - कुछ कांबिनेशन में पौधों को उगाकर कम खाद का उपयोग करें जो वृद्धि और जीवन शक्ति को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे के पूरक हैं।

5. **Early bird catches the worms!** - पक्षियों को आकर्षित करने के लिए अपने बगीचे में एक पक्षी फीडर रखें। यह आपके पौधों को नष्ट करने वाले कीड़ों से छुटकारा पाने का एक प्राकृतिक तरीका है। इस तरह आप जहरीले कीटनाशकों के इस्तेमाल से बच सकते हैं।

6. **प्राकृतिक कीटनाशक और खाद** - प्राकृतिक खाद के रूप में गोबर और कीटनाशकों के बजाय नीम की पत्तियों के पेस्ट का उपयोग करें।

7. **स्प्रिंकलर से बचें** - स्प्रिंकलर पानी बर्बाद करते हैं और फायदे से ज्यादा नुकसान करते हैं, खासकर सब्जियों में। पौधों को अपने हाथों से पानी देना आपको अपने पौधों के साथ समय बिताने का अवसर देता है और आपको रिलैक्स करता है।

8. **समझदारी से पौधें लगायें** - अपनी मिट्टी और मौसम के अनुकूल लोकल पौधों को चुनें। वे आपके ईको-सिस्टम में पनपेंगे और प्लांट-फ्रेन्डली कीड़ों और पोलीनेटरर्स की मदद करेंगे।

9. **वेस्ट वॉटर का उपयोग** - RO या खाना पकाने के वेस्ट पानी का उपयोग पौधों को पानी देने के लिए किया जा सकता है। RO वेस्ट वॉटर का नियमित रूप से उपयोग करने से पहले आप कुछ दिनों के लिए यह देख सकते हैं कि कौनसे पौधे इस पानी में अच्छी तरह उगते हैं।

10. **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगाएं** - वर्षा जल संचय करके आप न केवल पानी को बचाएंगे, बल्कि कटाव और बाढ़ को भी रोकेंगे।

स्रोत: www.almanac.com, earth911.com

■